तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.07.2022	पत्रावली पेश हुयी। प्रार्थी अधिवक्ता अनुपस्थित। बार – बार आवाजें लगायी गयी, बावजूद इसके प्रार्थी अधिवक्ता अनुपस्थित। विपक्षी अधिवक्ता उपस्थित। विपक्षी अधिवक्ता ने निवेदन किया कि प्रार्थी अधिवक्ता इससे पूर्व भी आदेशिका दिनांक 17.02.2022, 14.03.2022, 29.03.2022, 16.05.2022, 14.06.2022, 22.06.2022, 30.06.2022 और आज दिनांक 08.07.2022 को भी प्रार्थी जानबूझकर अनुपस्थित रहकर प्रकरण को अनावश्यक लम्बित करने की मंशा रखते हैं। अतः प्रकरण को प्रार्थी अधिवक्ता की अदम हाजिरी अदम पैरवी में खारिज की जावे। पत्रावली का अवलोकन किया गया। आदेशिका दिनांकानुसार प्रार्थी अधिवक्ता कई बार बहस की स्टेज पर अनुपस्थित रहे हैं। प्रार्थी अधिवक्ता के प्रतिनिधि को, प्रार्थी अधिवक्ता को न्यायालय में बहस हेतु उपस्थित होने हेतु कई बार सूचित किया गया। बावजूद् इसके प्रार्थी अधिवक्ता न्यायालय में अनुपस्थित हैं। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा मा0 राजस्व मण्डल अजमेर में इस बाबत् कोई प्रकरण संस्थित कराया गया हो, इससे संबंधित कोई पत्रादि एवं आदेश भी इस न्यायालय में प्रस्तुत नही कराये गये एवं न ही मा0 राजस्व मण्डल अजमेर से इस बाबत् कोई पत्रादि एवं आदेश इस न्यायालय को प्राप्त हुए हैं। अतः प्रकरण में तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पत्रावली प्रार्थी अधिवक्ता की अदम हाजिरी एवं अदम पैरवी में खारिज की जाती हैं। पत्रावली नंबर से कम करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर भीलवाड़ा अति. जिला कलेक्टर भीलवाड़ा	